## खबर कोना



डड्डूमाजरा में 'डंपिंग ग्राउंड' का औचक निरीक्षण करते चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया।

### अंबाला : नहर में गिरने से दो मजदूरों के डूबने की आशंका, तलाश जारी

अंबाला, 31 जनवरी (जनसत्ता)।

अंबाला-कुरुक्षेत्र सीमा पर बुढ़ेड़ा हेड पर शुक्रवार को नहर की दीवारों पर पेंटिंग करते समय फिसलकर गिरने से दो युवा मजदूरों के डूबने की आशंका है। दोनों मजदूरों की पहचान अंबाला जिले के गांव भूना के रहने वाले सागर और गुरविंदर के तौर पर हुई है। पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया, लेकिन शनिवार तक मजदूरों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से हेड पर पेंटिंग का काम चल रहा था और हाल ही में हुई बारिश की वजह से नहर में पानी का स्तर काफी ज्यादा था। दोनों मजदूर रस्सियों के सहारे लकड़ी के मंच पर खड़े होकर के हेड के द्वार पेंट कर रहे थे। अचानक रस्सी का झटका लगा, जिससे सागर का संतुलन बिगड़ गया और वह नहर में गिर गया। गुरविंदर साथी को बचाने की कोशिश में पानी में कूद गया, लेकिन वह भी पानी के बहाव में बह गया। थाना प्रभारी विशाल कुमार ने बताया कि दोनों मजदूरों के परिवारों को सूचित कर दिया है, तलाश जारी है।

### निशात अख्तर बनीं मलेरकोटला की जिला कांग्रेस अध्यक्ष

चंडीगढ़, 31 जनवरी (ब्यूरो)।

कांग्रेस ने मलेरकोटला से निशात अख्तर को जिला कांग्रेस समिति (डीसीसी) की अध्यक्ष नियुक्त किया है। निशात अख्तर, पूर्व पुलिस महानिदेशक मोहम्मद मुस्तफा और पूर्व कैबिनेट मंत्री रजिया सुल्ताना की पुत्री हैं। उनकी नियुक्ति ऐसे समय पर हुई है, जब उनका परिवार अक्तूबर-2025 में अकील अख्तर की मृत्यु से जुड़े विवाद के कारण सुर्खियों में रहा है। निशात अख्तर मलेरकोटला जिले की पहली महिला जिला कांग्रेस समिति अध्यक्ष बनी हैं। मलेरकोटला पंजाब का 23वां जिला है, जिसे वर्ष 2021 में गठित किया गया था। यह पंजाब का एकमात्र मुस्लिम बहुल शहर और जिला भी है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने नवंबर 2025 में प्रदेशभर में जिला कांग्रेस समिति अध्यक्षों की नई सूची जारी की थी, लेकिन उस समय मलेरकोटला और मानसा जिलों के लिए नियुक्ति नहीं की गई थी।

अब कांग्रेस ने मानसा से कुलवंत राय सिंगला और मलेरकोटला से निशात अख्तर को जिला कांग्रेस समिति अध्यक्ष नियुक्त कर इस प्रक्रिया को पूर्ण किया है।

### चंडीगढ़ के इलाकों में मादक पदार्थ बिक्री गिरोह का भंडाफोड़

# पंजाब में दस जगह छापे, मोहाली में पांच नशा तस्कर गिरफ्तार

चंडीगढ़, 31 जनवरी (ब्यूरो)।

एक संयुक्त अभियान में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) चंडीगढ़ क्षेत्रीय इकाई और पंजाब पुलिस ने 150 ग्राम से ज्यादा मादक पदार्थ (हेरोइन) जब्त की है। पुलिस ने सीमा पार नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए मोहाली से पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के अधिकारियों ने कहा कि ट्राइसिटी इलाके में बड़े पैमाने पर तस्करी की जानकारी मिलने के बाद 30 और 31 जनवरी को कई जिलों में दो दिन का संयुक्त अभियान चलाया गया।

संयुक्त टीमों ने मोहाली, खरड़ और सीमावर्ती जिले तरनतारन जिलों में दस से अधिक स्थानों पर समन्वित छापे मारे। तलाशी के दौरान कई ऐसे ठिकानों की पहचान की गई, जिनका इस्तेमाल नशीले पदार्थों के भंडारण और वितरण के लिए किया जा रहा था। ब्यूरो ने बताया कि इस दौरान गिरोह के पांच प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य चिह्नित आरोपियों की तलाश जारी है, जो फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं।

*अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दी जा रही दबिश*

एनसीबी और पंजाब पुलिस ने कहा है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, यह अभियान के दौरान सबसे पहले छोटे तस्करों को हिरासत में लिया जिनके पास थोड़ी मात्रा में हेरोइन (एक से दो ग्राम) मिली थी। जांच आगे बढ़ने पर एजंसियों ने एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 100 ग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की गई। कुल मिलाकर इस पूरे अभियान में 150 ग्राम से अधिक उच्च शुद्धता वाली हेरोइन जब्त की गई है।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने खुलासा किया कि यह नशीला पदार्थ तरनतारन जिले के सीमावर्ती इलाकों से लाया गया था। इससे सीमा-पार तस्करी से जुड़े एक संगठित नेटवर्क के सक्रिय होने की पुष्टि हुई है। जांच एजंसियों का मानना है कि यह गिरोह अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए मादक पदार्थों की तस्करी कर उन्हें शहरी क्षेत्रों में वितरित कर रहा था।

### प्रधानमंत्री के जलंधर दौरे से पहले

# डेरा बल्लां और पांच विद्यालयों में बम विस्फोट की धमकी

चंडीगढ़, 31 जनवरी (ब्यूरो)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जलंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां का दौरा करने से एक दिन पहले शनिवार को संप्रदाय और पांच विद्यालयों को बम विस्फोट की धमकियां मिलीं। अधिकारियों ने बताया कि गुरु रविदास जयंती से संबंधित अवकाश के कारण बंद स्कूलों में व्यापक सुरक्षा जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के कारण डेरा परिसर पहले से ही कड़ी सुरक्षा में है।

अधिकारियों ने बताया कि स्कूलों को ईमेल भेजे गए थे, जिनमें इन्हें और डेरा बल्लां को उड़ाने की धमकी दी गई थी। उन्होंने बताया कि संदेशों में यह भी कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी 'खालिस्तानियों के दुश्मन' हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'कम से कम पांच स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिलने पर पुलिस अधिकारियों ने स्कूल परिसर में सुरक्षा जांच शुरू की और बम निरोधक दस्ते को बुलाया।' उन्होंने कहा, 'जांच के बाद विद्यालय परिसर में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।'

उन्होंने कहा कि बम की धमकी वाले ईमेल जाहिर तौर पर प्रधानमंत्री मोदी की जलंधर यात्रा से पहले दहशत फैलाने के उद्देश्य से भेजे गए थे और मामले की फिलहाल जांच जारी है। गुरु रविदास जयंती से पहले निकाली गई शोभा यात्रा के मद्देनजर शनिवार को जलंधर के स्कूल बंद रहे। यह घटना चंडीगढ़ में बुधवार को कई स्कूलों को मिली इसी तरह की धमकियों के ठीक बाद हुई है। हालांकि वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया था। इससे पहले पंजाब के अमृतसर, जलंधर एवं पटियाला तथा हरियाणा के अंबाला के कुछ विद्यालयों को भी ऐसी ही धमकियां मिली थीं जो बाद में फर्जी निकलीं। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के मद्देनजर जलंधर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

# जनवरी में सामान्य से ज्यादा बारिश

चंडीगढ़, 31 जनवरी (ब्यूरो)।

*चंडीगढ़* में छाया रहा घना कोहरा। न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पंजाब और हरियाणा में जनवरी में उम्मीद से ज्यादा बारिश हुई। मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। दोनों राज्यों के अधिकांश हिस्सों में ठंड का प्रकोप जारी है और कुछ क्षेत्रों में कोहरे के कारण दृश्यता भी कमी आई है। पंजाब में फरीदकोट सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में पंजाब और हरियाणा दोनों राज्यों में सामान्य से अधिक बारिश हुई। पंजाब में 34.4 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य से 69 फीसद अधिक है। पंजाब में सामान्य तौर पर जनवरी में 20.3 मिलीमीटर बारिश होती है। मौसम विभाग ने बताया कि जनवरी में हरियाणा में सामान्य (14.5 मिलीमीटर) से 35 फीसद अधिक 19.6 मिलीमीटर बारिश हुई। दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में जनवरी में सामान्य से 69 फीसद अधिक 63.6 मिलीमीटर बारिश हुई।

चंडीगढ़ में घने कोहरा छाया रहा और शहर का न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब के अमृतसर, पटियाला और लुधियाना सहित कई स्थानों पर व हरियाणा के अंबाला, करनाल और हिसार में भी कोहरा देखा गया। बठिंडा में कड़ाके की ठंड पड़ी और न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लुधियाना में न्यूनतम तापमान 5.4 और पटियाला में 5.6 डिग्री सेल्सियस रहा। अमृतसर में न्यूनतम तापमान 6.2, गुरदासपुर में छह डिग्री सेल्सियस रहा।

### प्रधानमंत्री मोदी आज जलंधर दौरे पर

# हलवारा हवाई अड्डे के टर्मिनल का करेंगे उद्घाटन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जनवरी।




हलवारा हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी के आगमन की तैयारियां की जा रही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पंजाब में हलवारा हवाई अड्डे के नागरिक टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे और आदमपुर हवाई अड्डे का नाम संत रविदास के नाम पर रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया, 'संत गुरु रविदास की 649वीं जयंती के अवसर पर आदमपुर हवाई अड्डे का नामकरण इस संत और समाज सुधारक को श्रद्धांजलि है, जिनकी समानता, करुणा और मानवीय गरिमा की शिक्षाएं भारत के सामाजिक मूल्यों को प्रेरित करती रहती हैं।'

मोदी रविवार को आदमपुर हवाई अड्डे जाएंगे, जहां वह इसके नए नाम 'श्री गुरु रविदास जी हवाई अड्डा' का अनावरण करेंगे। पंजाब में विमानन अवसंरचना को और आगे बढ़ाते हुए हलवारा हवाई अड्डे का नया टर्मिनल भवन राज्य के लिए एक नया प्रवेश द्वार स्थापित करेगा, जो लुधियाना और उसके आसपास के औद्योगिक एवं कृषि क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। लुधियाना जिले में स्थित हलवारा में भारतीय वायुसेना का एक रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण स्टेशन भी है। लुधियाना में पहले हवाई अड्डे का रनवे अपेक्षाकृत छोटा था, जो छोटे आकार के विमानों के लिए उपयुक्त था। हलवारा में एक नया 'सिविल एन्क्लेव' विकसित किया गया है, जिसका रनवे लंबा है और ए320 जैसे विमानों की आवाजाही के लिए सक्षम है।

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले का किया उद्घाटन, कहा

# सभ्यतागत विरासत के संरक्षक हैं शिल्पकार

चंडीगढ़, 31 जनवरी (ब्यूरो)।



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि शिल्पकार भारत की सभ्यतागत विरासत के संरक्षक हैं। राधाकृष्णन ने फरीदाबाद के सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले के 39वें संस्करण का उद्घाटन करने के अवसर पर यह बात कही।

सूरजकुंड मेला 31 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है और इसमें देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ अन्य देशों की हस्तशिल्प, हथकरघा, संस्कृति और व्यंजनों की बेहतरीन परंपराओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा, 'शिल्पकार भारत की सभ्यतागत विरासत के संरक्षक हैं तथा यह मेला राष्ट्र की सांस्कृतिक आत्मा और आत्मनिर्भर भावना को प्रतिबिंबित करता है, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' के लोकाचार को समाहित करता है।' इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री एवं फरीदाबाद के सांसद कृष्ण पाल गुर्जर तथा हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री अरविंद कुमार शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

उपराष्ट्रपति ने सहयोगी देश मिस्र के पवेलियन का भी दौरा किया और वहां प्रदर्शित हस्तशिल्प की सराहना की। उन्होंने मेले में अन्य पवेलियनों का भी दौरा किया। उन्होंने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को भी देखा और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने वाली कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की।

# संधवा ने सिख कैदियों व लंबित निधि का उठाया मुद्दा

चंडीगढ़, 31 जनवरी (ब्यूरो)।

*प्रधानमंत्री* नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र। पंजाब की आर्थिक स्थिति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की।

पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। यह पत्र प्रधानमंत्री के प्रस्तावित जलंधर दौरे से एक दिन पहले भेजा गया।

अपने पत्र में संधवां ने सजा पूरी कर चुके सिख कैदियों, जिन्हें 'बंदी सिंह' कहा जाता है, की शीघ्र रिहाई की मांग की। उन्होंने कहा कि कई कैदी अपनी निर्धारित सजा अवधि पूरी कर चुके हैं, इसके बावजूद उन्हें लंबे समय से हिरासत में रखा गया है। उन्होंने इसे न्याय के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध बताते हुए प्रधानमंत्री से इस मामले में व्यक्तिगत हस्तक्षेप का आग्रह किया, ताकि ऐसे सभी कैदियों को तुरंत रिहा किया जा सके।

संधवां ने पंजाब की आर्थिक स्थिति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने लिखा कि पंजाब, जो कभी देश का सबसे समृद्ध राज्य और भारत का अन्न भंडार रहा है, आज केंद्रीय निधियों की लंबित बहाली के कारण अभूतपूर्व आर्थिक संकट से गुजर रहा है। केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी घटने और वित्तीय अधिकारों के हनन से पंजाब की राजकोषीय स्वायत्तता प्रभावित हुई है, जिससे संघीय ढांचे की भावना को ठेस पहुंची है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जल संसाधनों के मुद्दे को भी उठाया और कहा कि नदियों के जल बंटवारे में कथित भेदभाव के कारण भूजल स्तर में भारी गिरावट आई है, जिससे कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।


**Ind-Swift Laboratories Ltd.**

Ind-Swift

Regd. Off.: SCO 850, Shivalik Enclave, NAC Manimajra, Chandigarh - 160101 | Ph: +0172-2730503, 2730920
Website: www.indswiftlabs.com | CIN L24232CH1995PLC015553

**STATEMENT OF UN-AUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025**

The un-audited Standalone & Consolidated Financial Results of the company for the quarter and nine months ended 31st December, 2025 ('Financial Results') have been reviewed and recommended by the Audit Committee and were approved by the Board of Directors of the Company at their respective meetings held on January 31, 2026. The Financial Results along with the Auditor Reports, have been posted on the Company's website at www.indswiftlabs.com/investor and can be accessed by scanning the QR Code below:

Date: 31.01.2026
Place: Chandigarh

For Ind Swift Laboratories Limited
Sd/-
N.R. Munjal
Chairman & Managing Director



केनरा बैंक Canara Bank

केनरा बैंक
एआरएम शाखा, करनाल

**कब्जा सूचना [धारा 13(4)] (अचल सम्पत्ति के लिए)**

चूंकि केनरा बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनःनिर्माण तथा प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम 54) (जिसे आगे "अधिनियम" कहा जाएगा) के अंतर्गत और प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सूचना से 60 दिनों के अन्दर **मै. राहुल टेक्सटाइल के खाते में उधारकर्ता, गारंटर एवं बंधककर्ता – प्रोप्राइटर श्रीमती सुमिता हांडा, पत्नी श्री विनय कुमार हांडा, तथा बंधककर्ता एवं गारंटर श्री विनय कुमार हांडा पुत्र श्री राम प्रताप हांडा, श्री कपिल हांडा पुत्र श्री राम प्रताप हांडा, श्री राहुल हांडा पुत्र श्री कपिल हांडा एवं श्री जगदीश लाल नंदवानी पुत्र श्री गंगा राम** को नोटिस द्वारा कुल **4,41,81,224.29 रुपए (रुपये चार करोड़ इकतालीस लाख इक्यासी हजार दो सौ चौबीस रुपये उनतीस पैसे मात्र)** की राशि, भविष्य का ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत एवं अन्य प्रभारों सहित, भुगतान करने हेतु दिनांक 07.02.2019 की मांग सूचना और उधारकर्ता मै. शिवा वूलन इंडस्ट्रीज, प्रोप्राइटर/बंधककर्ता श्री विनय कुमार हांडा पुत्र श्री राम प्रताप हांडा तथा गारंटर श्रीमती सुमिता हांडा पत्नी श्री विनय कुमार हांडा, श्री कपिल हांडा पुत्र श्री राम प्रताप हांडा, श्री राहुल हांडा पुत्र श्री कपिल हांडा एवं श्री जगदीश लाल नंदवानी पुत्र श्री गंगा राम को कुल **4,71,18,671.44 रुपए (रुपये चार करोड़ इकहत्तर लाख अठारह हजार छह सौ इकहत्तर रुपये चवालीस पैसे मात्र) की राशि, देय ब्याज, पेंडेंटे लाइट, आकस्मिक व्यय, लागत एवं अन्य प्रभारों** सहित दिनांक 22.05.2019 की मांग सूचना जारी की थी।

उधारकर्ता/गांरटर/बंधककर्ता राशि की अदायगी करने में असफल रहे हैं, उधारकर्ता और बंधककर्ता व सामान्य जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त नियमों के नियम 8 और 9 के साथ पठित सरफेसी अधिनियम की धारा 14 के तहत माननीय जिला मजिस्ट्रेट को प्राप्त शक्तियों के संदर्भ में **माननीय जिला मजिस्ट्रेट, पानीपत एंडस्ट संख्या- 2350-51/पीबी दिनांक** 03.12.2019 द्वारा पारित आदेशों के अनुसार, **तहसीलदार (पानीपत)** ने नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा **28 जनवरी, 2026** को ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता/सह -उधारकर्ता/गांरटर/बंधककर्ता व सामान्य रूप से जनता को इस संपत्ति के साथ कोई लेन-देन न करने के लिए एतद्द्वारा सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई लेन-देन **मै. राहुल टेक्सटाइल के खाते में** 4,41,81,224.29 **रुपए (रुपये चार करोड़ इकतालीस लाख इक्यासी हजार दो सौ चौबीस रुपये उनतीस पैसे मात्र)** की राशि, भविष्य का ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत एवं अन्य प्रभारों और मै. शिवा वूलन इंडस्ट्रीज के खाते में **4,71,18,671.44 रुपए (रुपये चार करोड़ इकहत्तर लाख अठारह हजार छह सौ इकहत्तर रुपये चवालीस पैसे मात्र)** की राशि, भविष्य का ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत एवं अन्य प्रभार के लिए केनरा बैंक के प्रभार अधीन होगा।

उधारकर्ता/सह -उधारकर्ता/गांरटर/बंधककर्ता का ध्यान प्रतिभूति परिसंपत्तियों को मुक्त करवाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

1. भूमि एवं भवन, जो कृष्ण पुरा उर्फ गद्दीवाड़ा, उमंग पब्लिक स्कूल के सामने स्थित जो खसरा नंबर 205 मिन, एमसी पानीपत की सीमा के अंतर्गत जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्ग गज उक्त संपत्ति श्री राहुल हांडा, पुत्र श्री कपिल हांडा के नाम (विक्रय विलेख संख्या 6997 दिनांक 22.12.2004, क्षेत्रफल 200 वर्ग गज) तथा श्री विनय कुमार हांडा, पुत्र श्री राम प्रताप हांडा के नाम (विक्रय विलेख संख्या 1803 एवं 1804 दिनांक 30.05.1990, प्रत्येक 200 वर्ग गज) दर्ज है। 2. भूमि एवं भवन, जो कृष्णपुरा उर्फ गद्दीवाड़ा, उमंग पब्लिक स्कूल भवन के सामने स्थित जो खसरा नंबर 205 मिन, एमसी पानीपत की सीमा के अंतर्गत पंजीकृत पारिवारिक समझौता विलेख संख्या 8126 दिनांक 17.03.1997, विक्रय विलेख संख्या 4169 एवं 4170 दिनांक 15.09.1988 तथा विक्रय विलेख संख्या 8110 दिनांक 20.03.1989 के माध्यम से अर्जित, कुल क्षेत्रफल 2 बीघा भूमि, श्री कपिल हांडा, पुत्र श्री राम प्रताप हांडा के नाम दर्ज है।

दिनांकः 31.01.2026 | स्थानः पानीपत | प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक


मुख्यमंत्री मान से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात | प्रयास | पंजाब में स्मार्ट खेती पर सहयोग को लेकर बनी सहमति

# कृषि को तकनीक से सशक्त करेगा दक्षिण कोरिया

चंडीगढ़, 31 जनवरी (ब्यूरो)।



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के वैश्विक निवेश आकर्षित करने के निरंतर प्रयास अब ठोस परिणाम देने लगे हैं। इसी कड़ी में दक्षिण कोरिया ने पंजाब के कृषि क्षेत्र को तकनीकी सहयोग प्रदान करने की दिशा में आगे कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री के हालिया दक्षिण कोरिया दौरे के बाद, वहां से आए एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में पंजाब सरकार के साथ स्मार्ट खेती, उन्नत कृषि मशीनरी और जैव प्रौद्योगिकी जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग को लेकर चर्चा की।

मान ने कहा कि पंजाब छोटे किसानों के लिए तकनीक आधारित समाधान अपनाने को पूरी तरह तैयार है और इस दिशा में दक्षिण कोरिया का अनुभव अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। दक्षिण कोरिया के बीज प्रौद्योगिकी और लघु कृषि यंत्रों में दक्षता पंजाब की कृषि को लाभकारी और भविष्य के अनुरूप बनाने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बैठक की जानकारी साझा करते हुए कहा कि चंडीगढ़ में आयोजित इस बैठक में स्मार्ट खेती, कृषि मशीनरी और जैव प्रौद्योगिकी पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने बताया कि दक्षिण कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अनुकूल कार्य वातावरण की सराहना की तथा उन्हें 13 से 15 मार्च को मोहाली में प्रस्तावित 'प्रोग्रेसिव पंजाब निवेश शिखर सम्मेलन' में भाग लेने का औपचारिक निमंत्रण दिया गया।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पंजाब विशेष रूप से लघु कृषि मशीनरी के क्षेत्र में दक्षिण कोरिया से निवेश और तकनीकी सहयोग का इच्छुक है, क्योंकि इस क्षेत्र में दक्षिण कोरिया का अनुभव व्यापक और प्रमाणित है। उन्होंने बताया कि छोटे भूखंडों के कारण ही दक्षिण कोरिया में वर्टिकल फार्मिंग और दक्ष यंत्रीकरण का विकास हुआ, जिससे वहां की कृषि अधिक उत्पादक और टिकाऊ बनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया लगभग एक ही समय में स्वतंत्र हुए थे और दोनों के सामने गरीबी सबसे बड़ी चुनौती थी।